16/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। श्री मोदी ने आज वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का भी लोकार्पण किया। श्री मोदी ने गांधीनगर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकासशील देश होने के बावजूद भारत ने पेरिस में निर्धारित जलवायु प्रतिबद्धताओं को तय समय से नौ वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ, भारत का प्रत्येक घर बिजली उत्पादक बन जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि जलवायु समर्थक सिद्धांत भारत की प्रतिबद्धता का प्रमुख हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने देश के 17 शहरों को सौर शहर के रूप में विकसित करने की योजना की भी बात की। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में हरित हाइड्रोजन सहित विभिन्न स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

000000000000000

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल ने चौबीस कार्य बिंदुओं की समीक्षा की गई।

बैठक में स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए, कैबिनेट ने आज अरुणाचल प्रदेश स्वास्थ्य सेवा नियम, 2000 में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी हैं, जिसमें स्वास्थ्य और कल्याण अधिकारी एवं ट्यूटर के लिए भर्ती नियमों और निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं निदेशक परिवार कल्याण के नव निर्मित पदों के लिए भर्ती नियमों को तैयार करने के लिए सकारात्मक मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने नर्सिंग अधीक्षक की भर्ती नियमों को भी मंजूरी दी हैं। बैठक में कैबिनेट ने "अरुणाचल प्रदेश संबद्ध और स्वास्थ्य देखभाल परिषद नियम, 2024" को भी मंजूरी दी और साथ ही अरुणाचल प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड नियम, 2018 में संशोधन करने का फैसला किया। कैबिनेट ने ग्रुप-ए, बी और सी पदों पर भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता अंकों में संशोधन और ग्रुप-सी पदों के लिए सामान्य परीक्षा योजना नियम 2023 को मंजूरी दी। वरिष्ठ अनुसंधान सहायक भर्ती नियमों में संशोधन के प्रस्ताव, प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान के उप निदेशक संकाय के पदों पर भर्ती नियम भी आज कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किए गए।

000000000000000

राज्य के कृषि, पशुपालन और पशु चिकित्सा मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने गत शनिवार को हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय मांस अनुसंधान संस्थान में वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर संस्थान में चल रही नवीन गतिविधियों और अनुसंधान कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

एक प्रेस विज्ञप्ति में श्री वांगसू ने कहा कि एनएमआरआई संभावित रूप से मांस प्रसंस्करण, संरक्षण और पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों को बढ़ाने और विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश में मांस प्रौद्योगिकी में वृद्धि का लाभ उठाने में मदद कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में मांस प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने के लिए हमारे किसानों को विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षित भी किया जा सकता है।

000000000000000

अपर सुबनसिरी जिला प्रशासन ने अवैध निर्माण और सरकारी इमारतों और जमीन पर कब्जे के लंबित मामलों को लेकर गत शनिवार को बेदखली अभियान चलाया। पिछले 10 सालों से वन विभाग के गेस्ट हाउस पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों को बेदखल करने के साथ ही 2018 से अवैध रूप से वर्किंग वुमेन हॉस्टेल पर कब्जा करके बसने वाले तीन लोगों को भी बेदखल किया गया और साथ ही हॉस्टेल के आसपास अवैध रूप से बने ढांचों को भी ध्वस्त कर दिया गया। ईस्टेट ऑफिसर गमतुम पादु ने कहा कि डीए चरणबद्ध तरीके से इस तरह के बेदखली अभियान आगे भी चलाएगा।

000000000000000

राज्य के प्रसिद्ध लेखक और अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी के अध्यक्ष पद्मश्री वाईडी थोंगची ने रविवार को पासीघाट के जेएनसी कॉन्फ्रेंस हॉल में युवा लेखकों और जाने-माने लेखकों द्वारा आदी, हिंदी और अंग्रेजी में कविताओं, लघु कथाओं, निबंधों और लेखों के मिश्रण से एपीएलएस ईस्ट सियांग यूनिट द्वारा प्रकाशित पहला संकलन ‘मेरु: बीकन ऑफ लाइट’ नामक पुस्तक का विमोचन किया।

श्री थोंगची ने अरुणाचली परिवेश और संस्कृति को दर्शाने वाले साहित्यिक कार्यों के साथ राज्य के युवा लेखकों को बढ़ावा देने और उनका पोषण करने के लिए अपने अध्यक्ष पोनुंग ईरिंग आंगू और महासचिव डॉ. इंग परमे के नेतृत्व में ईस्ट सियांग एपीएलएस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवा लेखकों को अपने शिल्प और लेखन तकनीकों को निखारने और विभिन्न लेखकों और शैलियों की कृतियों को पढ़ने की सलाह दी।

000000000000000

अरुणाचल प्रदेश इंजीनियरिंग सर्विस एसोसिएशन (APESA) ने रविवार को ईटानगर के स्टेट बैंक्वेट हॉल में सत्तावनवां इंजीनियर्स दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम था 'इंजीनियरिंग समाधानों के साथ स्थिरता को बढ़ावा देना, नवीनतम आर्टिफिसिएल इंटीलिजेंट (AI) संचालित तकनीकों को अपनाना'। इंजीनियर्स दिवस हर साल 15 सितंबर को प्रख्यात भारतीय इंजीनियर और राजनेता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए डेटा विश्लेषण आउटपुट या परिणाम प्राप्त करने के लिए AI इनपुट के रूप में यथार्थवादी और समग्र डेटा संग्रह और एक उपयुक्त पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही।

000000000000000

गत शनिवार नाहरलगुन पुलिस को एक संदिग्ध ड्रग तस्कर की गतिविधि के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान असम के कोकराझार जिले के काजीगांव निवासी राजेन ब्रह्मा के रूप में हुई है। पुलिस की एक टीम द्वारा दोकुम कॉलोनी नाहरलगुन में एक टाटा नेक्सन की गहन तलाशी करने पर जूतों में छिपाकर रखे गए साबुन के डिब्बे में 12.6 ग्राम हेरोइन बरामद किया जिसे जब्त कर राजेन ब्रह्मा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

000000000000000